6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

महानगर वर्ष 58 | अंक 66 | पृष्ठ : 24 | मूल्य : सात रुपये amarujala.com

अमर उजाला

चैत्र नवरात्र...मां कालरात्रि ...अपना शहर

बरेली | बुधवार, 25 मार्च 2026 चैत्र शुक्ल-सप्तमी • विक्रम संवत-2083

PAGE NO : 08 TOP

डॉ. ललित को मिला एफसीसीएम फैलोशिप सम्मान

बरेली (वि)। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के रेस्पिरेटरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ललित सिंह को अमेरिका के शिकागो में एफसीसीएम फैलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 23 मार्च 2026 को सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (एससीसीएम - यूएसए) के 55वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अमेरिकन कॉलेज ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. ललित उन कुछ भारतीय चिकित्सकों में से एक हैं, जिन्हें यह फैलोशिप मिली है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय परिवार, गुरुजनों, मित्रों और मरीजों को दिया। डॉ. सिंह ने एसआरएमएस ट्रस्ट के अध्यक्ष देव मूर्ति और निदेशक आदित्य मूर्ति का भी आभार व्यक्त किया।